0646CH05

पाँचवाँ पाठ

भालू



शिक्षण बिंदु

उ ु ए े ँ ज़ ट ठ छ भ

उँगली — उँ ग ली



पुल — पु ल



भालू — भा लू

ठेला — ठे ला





छतरी　　छ त री　　टमाटर　　ट मा ट र





एड़ी　　ए ड़ी　　मेज़　　मे ज़





शिक्षण संकेत

- श्यामपट पर **छतरी** लिखें और उसका चित्र दिखाते हुए विद्यार्थियों से बार-बार बुलवाएँ।
- इसी तरह **उँगली, पुल, एड़ी, मेज, टमाटर, ठेला, भालू** के चित्र दिखाएँ। वर्णों की अलग-अलग पहचान करवाते हुए बार-बार बुलवाएँ।

2. सुनो और बोलो

आठ	टीका	चटाई	छतरी	आँख	भजन	टमटम
ठाठ	मीठा	मिठाई	छलनी	चाँद	भवन	टमाटर
पाठ	चीज	पटाखा	मछली	दाँत	अभय	नाशपाती
खाट	छाछ	ठठेरा	गठरी	बाँस	सभा	ठाठ-बाट
टाट	छोटा	टोकरी	ज़ेब	साँस	भीतर	पाठशाला
काठ	लोटा	कटोरी	केला	ऊँचा	भोला	लोक-सभा

3. बार-बार बोलो

चंद-चाँद	नाच-छाछ	दंत-दाँत	काट-काठ	पंच-पाँच
बाई-भाई	वंश-बाँस	चोर-छोर	हंस-हँस	पाट-पाठ

4. नीचे दिए गए वर्णों को लिखने का अभ्यास करो

उ उ

ए ए

ट ट

ठ ठ

छ छ

भ भ

5. चित्रों के नाम लिखो




.....



.....



.....



.....

योग्यता विस्तार

- शिक्षण बिंदु के सभी वर्णों/मात्राओं को श्यामपट पर लिखकर अध्यापक विद्यार्थियों से बार-बार उनकी पहचान करवाएँगे।
- चंद्र बिंदु (ँ) वाले कुछ शब्द, जैसे – **आँख, पाँच, साँस, बाँस, हूँ** आदि जैसे– हंस, वंश श्यामपट पर लिखें और उनका उच्चारण करवाएँ। अनुस्वार वाले शब्दों और चंद्र बिंदुवाले शब्दों जैसे – बाँस, हंस, हँसना के उच्चारण के अंतर को बताएँ

शिक्षण संकेत

- पहचानो और बोलो के अंतर्गत आए वर्णों को बार-बार बुलवाकर उनकी पहचान करवाएँ। उसके लिए वर्णों के फ़्लैश कार्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
- अध्यापक खेल विधि का भी प्रयोग कर सकते हैं। हर विद्यार्थी के पास एक एक वर्ण का कार्ड होगा और वे क्रम में खड़े होकर शब्द बनाएँगे।
- सुनो और बोलो के अंतर्गत श्यामपट फ़्लैश कार्ड पर लिखे शब्दों को दिखाएँ। विद्यार्थियों से अलग-अलग और फिर एक साथ बुलवाएँ। उसके बाद कुछ विद्यार्थियों को चुने हुए शब्दों का वाचन भी करवाएँ।
- अलग-अलग विद्यार्थियों के पास अलग-अलग चित्रों के कार्ड होंगे। दूसरे विद्यार्थियों के पास वर्णों के कार्ड होंगे। चित्र दिखाने पर विद्यार्थी क्रम से वर्ण दिखाते हुए शब्द बनाएँ।

मौखिक पाठ

शिक्षण बिंदु

मेरा घर	मेरी किताब
हमारा मकान	हमारी अलमारी
तुम्हारा कमरा	तुम्हारी कलम
कहाँ में/पर	

1. अध्यापक वाक्य बोलेंगे, विद्यार्थी सुनेंगे और दोहराएँगे

अध्यापक	विद्यार्थी
यह मेरा घर है।	यह मेरा घर है।
यह हमारी पाठशाला है।	यह हमारी पाठशाला है।
यह तुम्हारी कलम है।	यह तुम्हारी कलम है।
तुम्हारी किताब कहाँ है?	तुम्हारी किताब कहाँ है?
मेरी किताब मेज़ पर है।	मेरी किताब मेज़ पर है।
आपका घर कहाँ है?	आपका घर कहाँ है?
घड़ी जेब में है।	घड़ी जेब में है।
किताब में चित्र है।	किताब में चित्र है।

2. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थी दोहराएँगे

अध्यापक	विद्यार्थी
मोहन मेरा भाई है।	मोहन मेरा भाई है।
शीला मेरी बहन है।	शीला मेरी बहन है।
भारत हमारा देश है।	भारत हमारा देश है।
गंगा हमारी नदी है।	गंगा हमारी नदी है।
तुम्हारा घर कहाँ है?	तुम्हारा घर कहाँ है?
मेरा घर जनकपुरी में है।	मेरा घर जनकपुरी में है।

3. प्रश्नोत्तर अभ्यास

अध्यापक अलग-अलग विद्यार्थियों से प्रश्न पूछें और विद्यार्थी उत्तर दें

विद्यार्थी, जी हाँ और जी नहीं, दोनों प्रकार के उत्तर दे सकते हैं।

क्या तुम्हारा नाम मदन है?

क्या यह तुम्हारा कमरा है?

क्या मोहन आप का भाई है?

क्या सरला तुम्हारी बहन है?

क्या यह आपका घर है?

क्या यह आपकी घड़ी है?

योग्यता विस्तार

- **विद्यार्थी आपस में प्रश्न पूछकर एक दूसरे का परिचय प्राप्त करें, जैसे–**

तुम्हारा नाम क्या है?

तुम्हारा घर कहाँ है?

तुम्हारे भाई का नाम क्या है?

शिक्षण संकेत

- सरल वाक्य और नकारात्मक जी हाँ और जी नहीं का प्रयोग करते हुए कक्षा में उपस्थित सामग्री, वस्तु और वातावरण से ही उदाहरण चुनें और विद्यार्थियों से बुलवाएँ।

